हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.



12 छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का ..



12 गुदगुदी जंक्शन का शहर क्षेत्र में पौधरोपण ...

## खबर संक्षेप

### नाली में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** अंबाला छावनी के लालकुर्ती बाजार में दुकानों के बाहर बने थड़ों के बीच नाली में मुंह के बल गिरने से युवक की मौत हो गई। मृतक राणा कॉम्प्लेक्स के हिमांशु शर्मा (31) है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी शादी महज छह महीने पहले ही हुई थी।पिता कमलजीत के बयान पर इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई की गई। परिजन बोले कि नौकरी छूटने से वह परेशान था।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**अंबाला।** नेशनल हाइवे-44 के साथ लगते सर्विस रोड पर वाहन की चपेट में आकर शास्त्री कॉलोनी के प्रभु दयाल (61) की मौत हो गई। रात के समय टहलते समय वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने पीड़ित के भतीजे की शिकायत पर वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में खटीक मंडी के विजय ने बताया कि ताऊ प्रभु दयाल रात करीब 10:30 बजे खाना खाने के बाद रोजाना की तरह सर्विस रोड पर टहलने निकले थे। हारट्रोन के पास यह हादसा हुआ था। राहगीरों की मदद से उन्हें कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचाया था, जहां से उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। वहां उनकी मौत हो गई।

### खाते से निकाल लिए 1.76 लाख रुपये

**यमुनानगर।** गांव मुज्जाफतकलां निवासी सोनू फेसबुक पर आए कथित मूवी लिंक के झांसे में आकर साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित के अनुसार 11 से 19 जुलाई के बीच मिले लिंक पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठगों ने बैंक खाते से 1.76 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक से रुपये कटने के संदेश मिलने पर उसे ठगी का पता चला। इसके बाद उसने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल और बैंक ट्रांजैक्शन की तकनीकी जांच कर रही है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** बुड़िया थाना क्षेत्र में एक 38 वर्षीय महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव निवासी शाहबाज जबरन उसके घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### जमीनी विवाद में दंपति पर हमला

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में जमीनी विवाद को लेकर दंपति पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई की शाम वह अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करवा रहे थे। इसी दौरान उनके ताऊ का बेटा शुभम और उसका भांजा जतिन वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। विरोध करने पर शुभम ने गंडासी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शिकायत में पत्नी पूजा देवी से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

रिकॉर्ड अपडेट कर लंबित मामलों का होगा निपटारा, विवाद भी होंगे कम

**यमुनानगर में प्लॉट धारकों से मांगे दस्तावेज**

# नगर निगम करेगा 1015 प्लॉटों की कन्वेंस डीड

- सरोजिनी, शास्त्री, इंदिरा कॉलोनी समेत कई योजनाओं के प्लॉट शामिल
- डीड हो चुकी है तो रजिस्ट्री की प्रति, नहीं हुई तो आवेदन करें जमा
- दस्तावेज जमा कर जल्द पूरी कराएं कन्वेंस डीड प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम ट्रस्ट सेल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में वर्षों पहले अलॉटिट किए गए 1015 प्लॉटों की जल्द कन्वेंस डीड होगी। इस संबंध में ट्रस्ट सेल ने प्लॉट धारकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे है। प्लाट धारक अपने दस्तावेज जमा करवाकर प्लाटों की कन्वेंस डीड करवाएं। उक्त जानकारी निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। मौके पर ट्रस्ट सेल अधीक्षक तेजिंदर कौर भी मौजूद रही। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि ट्रस्ट सेल की विभिन्न योजनाओं में कुल 1015 आवासीय एवं व्यावसायिक प्लॉट शामिल हैं। इनमें सरोजिनी कॉलोनी फेज वन और फेज टू, शास्त्री कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी जगाधरी, गोमती मोहल्ला जगाधरी व स्कीम नंबर-27 पुरानी तहसील जगाधरी के प्लाट शामिल हैं। इन योजनाओं में आवासीय प्लॉटों के साथ साथ व्यावसायिक प्लॉट, डबल स्टोरी शॉप कम फ्लैट, बूथ, पोस्ट आफिस, प्रशासनिक कार्यालय, ट्रैफिक पार्क, स्कूल और कॉलेज के लिए आरक्षित भूमि भी शामिल हैं। ट्रस्ट सेल के रिकॉर्ड के अनुसार प्लॉट आवंटन की शर्तों के तहत आवंटी द्वारा पूरी राशि जमा कराने के बाद कन्वेंस डीड कराना आवश्यक होता है। लेकिन कई वर्षों के बाद भी बड़ी संख्या में प्लॉट धारकों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं कराई है। इसलिए अब निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया है। जिन प्लॉटों की डीड हो चुकी है। वह भी अपने दस्तावेज निगम कार्यालय में जमा कराए। ताकि भविष्य में प्लॉट मालिकों को किसी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए लंबित कन्वेंस डीड का कार्य जल्द पूरा करना जरूरी है।

### दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें



निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि जिन प्लॉट धारकों की कन्वेंस डीड पहले ही हो चुकी है। वह अपनी रजिस्ट्री या कन्वेंस डीड की प्रति कार्यालय में जमा कराएं। वहीं जिनकी डीड अभी तक नहीं हुई है। वह आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें। ताकि नियमानुसार उनकी कन्वेंस डीड की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इससे ट्रस्ट सेल की सभी योजनाओं का रिकॉर्ड अद्यतन होगा और वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा होने के साथ साथ भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों और रिकॉर्ड प्रबंधन में भी काफी सुविधा मिलेगी।

### किस कॉलोनी में कितने प्लाटों की होगी कन्वेंस डीड

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि ट्रस्ट सेल द्वारा अलॉटिट प्लॉट में सरोजनी कॉलोनी फेस वन में 188 रिहायशी प्लाट, 42 वाणिज्यिक प्लाट, 47 बूथ, एक पोस्ट ऑफिस, एक एलआईसी ऑफिस व ट्रैफिक पार्क की जमीन है। इसी तरह सरोजनी कॉलोनी फेस टू में 335 रिहायशी प्लॉट, शास्त्री कॉलोनी में रिहायशी प्लाट 188, वाणिज्यिक प्लाट 28, एक स्कूल व एक कॉलेज की जमीन है। जगाधरी की इंदिरा कॉलोनी में रिहायशी प्लाट 87, वाणिज्यिक प्लाट 16, बूथ 14 व एक स्कूल शामिल है। गोमती मोहल्ला जगाधरी में 16 रिहायशी प्लाट व 5 वाणिज्यिक प्लाट और पुरानी तहसील जगाधरी में 44 वाणिज्यिक प्लाट शामिल हैं।

---

कष्ट निवारण समिति की बैठक में पंवार ने दिए निर्देश

# अंसल एपीआई के खिलाफ जल्द दर्ज की जाए एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अंसल सुशांत सिटी मामले की शिकायत पर जल्द से जल्द अंसल एपीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही संबंधित विभागों को अपनी हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्त को सभी विभागों से रिपोर्ट लेने को कहा। इसके साथ ही कॉलोनी को हैंडओवर करने के मामले में फीडबैक लेने को कहा गया और कॉलोनी के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। एचएसवीपी और नगर परिषद विभाग मिलकर सीवरेज व्यवस्था का वैकल्पिक समाधान करें, ताकि वहां पर रहने वाले लोगों की परेशानी कम हो सके। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को नये लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सख्त निर्देश दिए।



अंसल सुशांत सिटी हैंडओवर मामले में विभागों से मांगी रिपोर्ट

### 33 केवी लाइन को घरों के ऊपर से बदलने के निर्देश

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने परशुराम कॉलोनी निवासी राजदेव कुमार की शिकायत पर बिजली विभाग को स्पेशल एस्टीमेट बनाकर 33 केवी लाइन को घरों के ऊपर से बदलने के निर्देश दिए। शिकायत में बताया कि उसके घर के ऊपर से बिजली की 33 केवी लाइन निकली हुई है। जिससे उन्हें हर समय हादसे का डर लगा रहता है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक में नगर परिषद वार्ड नंबर एक के पूर्व पार्षद देवी दयाल जांगड़ा, नेशनल फायर सोल्यूशन के प्रोपराइटर शिवम, गांव भूखडी के सरपंच मीनू की शिकायत का समाधान किया।

### दो नकाबपोश युवक को अपने साथ ले गए

**पानीपत।** पानीपत की गुड़ मंडी क्षेत्र से 19 वर्षीय पवन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पवन की बहन नेहा ने थाना किला पुलिस को दी शिकायत में बताया 19 जुलाई को पवन अपने दोस्त पंकज की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं, दोस्त पंकज ने पवन के परिजनों को जानकारी दी कि पवन उनके साथ किला पार्क में बैठका हुआ था, इसी दौरान मुंह पर परना बांधे दो युवक बाइक पर वहां पहुंचे और वे पवन को अपने साथ बाइक पर बैठा कर ले गए। वहीं, पवन अपना मोबाइल फोन उसके पास छोड़ गया था। इधर, थाना किला पुलिस ने पवन के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पातालेश्वर मंदिर में चोरी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

- पीतल-तांबे के लोटे और घंटी समेत चोरी का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के गांव दयालगढ़ स्थित प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर से पीतल और तांबे के लोटे, घंटी समेत अन्य सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। बुड़िया थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मंदिर के पुजारी मुकेश गौतम ने 19 जुलाई को चोरी की शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, बाजार से लौटने के बाद आरती के समय उन्हें मंदिर से पीतल की घंटी और अन्य सामान गायब मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर उप निरीक्षक कृष्ण लाल के नेतृत्व में टीम गठित की। सीसीटीवी और तकनीकी जांच के आधार पर आकाश और विकास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी कबूल की।



## सड़क पर आए पशु से टकराई बाइक, नवविवाहित युवक की मौत

**पानीपत।** जिले के निकटवर्ती गांव निंबरी की दत्ता कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय सुमित की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात उस समय हुआ, जब सुमित बाइक पर सवार होकर गांव उग्राखेड़ी की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक सामने आए पशु से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।बताया जा रहा है कि सुमित का करीब छह माह पहले ही विवाह हुआ था। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## सिंचाई विवाद की रंजिश में किसान की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए-टू पुलिस टीम ने गांव नूरपुर गुजरान निवासी 60 वर्षीय किसान रणबीर की हत्या के मामले में आरोपी सत्यवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने किसान रणबीर की हत्या करना स्वीकार किया है।सीआईए-टू के थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सत्यवान और रणबीर के बीच खेत की सिंचाई को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद की रंजिश के चलते रणबीर की हत्या किए जाने की आशंका है। मामले में थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने मृतक के भाई भोपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस हत्या में इस्तेमाल किए गए सामान और घटना की पूरी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

बालिकाओं की शिक्षा में दे रहे विशेष योगदान

## समाजसेवी आरडी गोयल 'अग्रश्री अवॉर्ड' से सम्मानित



कुरुक्षेत्र। सम्मान प्राप्त करते समाजसेवी आरडी गोयल। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के 35वें छात्रवृत्ति वितरण समारोह में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी रामदास (आरडी) गोयल को 'अग्रश्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति अनिल गुप्ता ने की, जबकि अजय गोयल बबलू मुख्य अतिथि और साहिल अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। मैसी के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला ने कहा कि आरडी गोयल की पांच पीढ़ियों ने देश की आजादी और अखंडता में योगदान दिया है। उन्होंने शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा, समाजसेवा और गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। समारोह में मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई।

पैसा डबल करने का लालच देकर फ्रॉड

## दो करोड़ की ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। ठगी के आरोप में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** अंबाला शहर पुलिस ने पैसा डबल करने का झांसा देकर करीब दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में जीरकपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मिलाप नगर निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि नवंबर 2023 से जुलाई 2026 के बीच कुलबीर सिंह, बलविंद्र सिंह व अन्य ने धोखाधड़ी कर उससे दो करोड़ रुपये ठग लिए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एमी गोज नामक कंपनी और एमी गोज एफएक्स सॉफ्टवेयर के जरिए डॉलर में रकम दिखाकर लोगों को निवेश का लालच दिया। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

एलईडी लाइट खरीद और विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं का मामला, पुलिस ने वित्तीय दस्तावेजों की जांच शुरू की

## फर्जी बिलों से 5.77 लाख के गबन का आरोप, पूर्व ग्राम सचिव पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव खारवन में एलईडी लाइटों की खरीद और विकास कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। प्राथमिक जांच में फर्जी बिल और रसीदों के जरिए पंचायत निधि से 5 लाख 77 हजार रुपये के गबन के आरोप सही पाए जाने के बाद जगाधरी सदर थाना पुलिस ने तत्कालीन ग्राम सचिव कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, अमानत में खयानत और सरकारी धन के गबन सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2010 के दौरान ग्राम पंचायत खारवन में विकास कार्यों के लिए जारी सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया।

शिकायत के अनुसार पंचायत में एलईडी लाइटों की खरीद के नाम पर 3 लाख 65 हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि अन्य विकास कार्यों के लिए 2 लाख 11 हजार रुपये भी खर्च दिखाए गए। आरोप है कि इन भुगतानों के लिए लगाए गए बिल और रसीद फर्जी थीं। इनके आधार पर सरकारी धन का गबन किया गया। शिकायत की प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिलने पर मामला पुलिस को भेजा गया। इसके बाद जगाधरी सदर थाना पुलिस ने आरोपी तत्कालीन ग्राम सचिव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी परविंद्र सिंह ने बताया कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज, भुगतान रिकॉर्ड, बिल, रसीदें और पंचायत के वित्तीय अभिलेखों की जांच की जा रही है।

कौशल आधारित शिक्षा से बढ़ रहे रोजगार के अवसर: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

*चयनित छात्रों को मिलेगा 2 से 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज*

## केयू में कैंपस प्लेसमेंट में 30 विद्यार्थियों का जी लैबोरेट्रीज में चयन, 85 छात्रों ने लिया था हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में जी लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्लेसमेंट अभियान में बी.फामेर्सी एवं एम.फामेर्सी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 85 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 30 विद्यार्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 2 लाख से 5 लाख वार्षिक पैकेज प्रदान किए जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, संस्थान की गुणवत्ता तथा विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

### श्रीलंका में हिंदी के विकास व चुनौतियों पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में 23 जुलाई को श्रीलंका में हिंदी का विकास और चुनौतियां‍ विषय पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे गणपति चंद्र गुप्त हॉल में होगा। लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि मुख्य वक्ता श्रीलंका की केलानिया यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट काउंसलर एवं मोराटुवा यूनिवर्सिटी की विजिटिंग हिंदी लेक्चरर सुभाषिनी रत्नायका होंगी। वह श्रीलंका में हिंदी के इतिहास, विकास, शिक्षण व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रभाव और वर्तमान चुनौतियों पर विचार रखेंगी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण उपलब्ध कराना है।

## बीएससी कोर्सों के लिए केयू टीम ने किया राजकीय कॉलेज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने नए बीएससी कोर्सों के संचालन के लिए उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया। टीम ने बीएससी लाइफ साइंस में मेजर विषय जूलॉजी और बॉटनी तथा बीएससी फिजिकल साइंस में मेजर विषय गणित शुरू करने के लिए कॉलेज की लैब, कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण दल में जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राज, आईआईएचएस विभाग के डॉ. रूलदा राम और बॉटनी विभाग के डॉ. आशीष प्रसाद शामिल रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने टीम का स्वागत किया। विभाग प्रभारियों ने नए कोर्सों के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। प्राचार्या ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग की अनुमति से वर्तमान सत्र से ये नए कोर्स शुरू किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक और रोजगारपरक अवसर मिल सकें।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय कन्या विद्यालय प्रतापनगर में चलाया जागरूकता अभियान

# छात्राओं को दी मौलिक अधिकारों और पॉक्सो एक्ट की जानकारी

### मुख्य अतिथि सीजेएम सुमित्रा कादियान बोलीं छात्राओं का जागरूक होना अति आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रतापनगर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में सीजेएम एव प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने भाग लिया। अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य तेजपाल ने की।

प्राधिकरण यमुनानगर की सचिव सुमित्रा कादियान ने कहा कि छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों तथा पर्यावरण के प्रति उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि छात्राओं का जागरूक होना जरूरी हैं।



यमुनानगर। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते मुख्यातिथि।

#### नालसा हेल्पलाइन 15100 की दी जानकारी

पैनल अधिवक्ता पुनित कुमार ने छात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम मध्यस्थता विधि, मौलिक अधिकार, दहेज प्रथा, विवाह, पॉक्सो कानून, सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र, स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, पड़ित मुआवजा योजना व नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे मे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार जताया और मौके पर मौजूद मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

## लीगल लिटरेसी सेल ने विद्यार्थियों को समझाया न्याय का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल की ओर से विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना, न्याय के महत्व को समझाना तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाना था।

मुख्य वक्ता डॉ.हेमंत मिश्रा ने अपने व्याख्यान में अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के महत्व, विधिक जागरूकता की आवश्यकता, संवैधानिक मूल्यों, मानवाधिकारों तथा समाज में न्याय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून की जानकारी रखने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा न्यायपूर्ण एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से विभिन्न कानूनी विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अरविंद सिंह भल्ला ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की तथा लीगल लिटरेसी सेल के संयोजक डॉ.बलजीत सिंह एवं पूरी आयोजन टीम को इस आयोजन के लिए बधाई दी।



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

#### ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए लाभकारी

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जोहर ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने वाले ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। इस अवसर पर डॉ. साहिब सिंह, डॉ. विनय चंदेल, डॉ. अनुराग, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. केके भारद्वाज, डॉ. रमणदीप, डॉ. नेहा व प्रो. सरबजोत आदि मौजूद थे।

## दिल्ली में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने किया धरना-प्रदर्शन

# भाजपा सरकार में आवाज उठाने वालों पर बरसती हैं लाठियां, यह लोकतंत्र पर हमला

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर छात्रों को न्याय दिलाए जाने की मांग की। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया।

बुधवार को जिले भर के सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी (ग्रामीण) के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक छात्रों पर की गई लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इसके बाद कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय के समक्ष केंद्र सरकार का पुतला जलाकर अपना विरोध जताया। कांग्रेस (ग्रामीण) के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में आवाज उठाने वालों के खिलाफ लाठियां भांजी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह दिल्ली जतंर मंतर पर शांतिपूर्वक अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठियां भांजी वह घटना काफी निंदनीय है। यह घटना हमारे लोकतंत्र पर कुठाराघात है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों की मांगो के साथ खड़ी है। मौके पर रादौर विधानसभा से पूर्व में प्रत्याशी रहे सुरेश ढांडा समेत अन्य नेताओं ने छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की।



यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर छात्रों की मांगो पर व उन पर की गई लाठीचार्ज की घटना पर हस्ताक्षेप करके उन्हें न्याय दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार को छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। ज्ञापन में नीट परीक्षा संबंधी अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, शिक्षा व्यवस्था में पादर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले रद्द किए जाने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया। इस अवसर पर मंदीप शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी, ब्लाक अध्यक्ष परमजीत राणा, शमशेर सिंह, अजय कुमार, विकास, रविंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### 600 मीटर दौड़ में अंशिका रही अव्वल

रादौर। जनता पब्लिक स्कूल अलाहर के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार उपलब्धियां अर्जित कीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.कल्पना बजाज ने बताया कि 14 आयु वर्ग में आयोजित 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंशिका ने प्रथम, 17 आयु वर्ग में आयोजित 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में काव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अल्विन ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। फ्रेंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान व 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, मैनेजिंग डायरेक्टर रूबी कांबोज व प्रधानाचार्या डॉ.बजाज ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वासख नेतृत्व क्षमता व टीम भावना का विकास करते हैं। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।



### एसआईआर निर्धारित समयावधि में करें पूरा

यमुनानगर। एसआईआर को लेकर जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को एसआईआर के कार्य को निर्धारित की गई समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रत्येक चरण को गंभीरता, पारदर्शिता और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता एवं विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 9 लाख 18 हजार 682 मतदाताओं में से अब तक 7 लाख 83 हजार 507 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, निगमायुक्त महाबीर प्रसाद, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, नगराधीश पीयूष गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### भाजपा संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: नेपाल

रादौर। भाजपा द्वारा रादौर में शक्ति केंद्र कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी जसविंदर सिंह ने की। मौके पर मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आहवान किया कि वह प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को जरुर सुनें। साथ मन की बात कार्यक्रम को सरल पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान ग्यारह सदस्यीय कमेटी बनाने पर चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करने की दिशा में काम करने के लिए आहवान किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपने घरों लाए गए टिफिन से एक साथ बैठकर आत्मीय वातावरण में भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी रादौर के के चेयरमैन रुपिंदर मल्ली, अमित गुप्ता, हीरा सिंह ग्रेवाल, बूथों के त्रिदेव आदि मौजूद रहे।



### युवाओं को साकारात्मक गतिविधियों से जोड़ें

यमुनानगर। हरियाणा सरकार के नशा छोड़ो जीवन जोड़ो अभियान के अंतर्गत 26 जुलाई को शहर में आयोजित होने वाली नशे से जंग यमुनानगर के संग जन जागरूकता मैराथन को सफल बनाने के लिए बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त प्रीति ने मैराथन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि नशे के खिलाफ 26 जुलाई को यमुनानगर में आयोजित मैराथन दौड़ को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौड़ के आयोजन का मुख्य उदेश्य युवाओं को शिक्षा समेत साकारात्मक गतिविधियों के साथ जोड़ना है। उन्होंन बताया कि नशा के खिलाफ दौड़ का शुभारंभ सुबह सवा पांच बजे जगाधरी के मटका चौक से किया जाएगा।

## रादौर के श्रीराधाकृष्ण मंदिर में व्यास पूर्णिमा महोत्सव आज से



रादौर। यमुनागली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 23 से 29 जुलाई तक 35वें श्री व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण कथा एवं श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना होगा। मंदिर के महंत एवं कथा व्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल व पुजारी पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि 23 जुलाई को सुबह 8 बजे पूजन एवं मूर्ति अधिवास होगा। 25 जुलाई को श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना की जाएगी। वहीं 24 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्रीकृष्ण कथा का आयोजन होगा। 29 जुलाई को श्री व्यास पूर्णिमा पर सुबह 7 बजे पूजन एवं हवन, 9 बजे गुरु पूजा व 10 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीकृष्ण कथा का रसपान करें।

## स्वामी आत्मारामानंद महाराज का 125वां प्रकट दिवस आज



रादौर। छोटाबांस स्थित रामविचार वाटिका में वीरवार 23 जुलाई को महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज का 125वां प्रकट दिवस मनाया जा रहा है। श्रीराम विचार वाटिका के महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज का 125 वें प्रकट दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 से लेकर रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। जिसके तहत सुबह 7 बजे हवन का आयोजन होगा, सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक संतो का प्रवचन व संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर को भंडारे का आयोजन होगा। रात 8 बजे कीर्तन व भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि सभी श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंच कर गुरु का प्रकाश पर्व मनायें।

# छछरौली में भव्य रूप से मनाया जाएगा उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

### एसडीएम ने समारोह की तैयारियों को लेकर अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छछरौली में आयोजित किए जाने वाले उपमंडलस्तरीय समारोह को लेकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल ने की। उन्होंने उपमंडलस्तरीय समारोह को भव्य रुप से मनाए जाने को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उपमंडल अधिकारी(ना) छछरौली जसपाल सिंह गिल ने बैठक में राष्ट्रीय पर्व पर आयोजित होने वाले उपमंडलस्तरीय समारोह को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व देश की आन बान और शान का प्रतीक है तथा इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर उपमंडलस्तरीय समारोह अनाज मंडी छछरौली में आयोजित किया जाएगा। समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ मार्च पास्ट का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें हरियाणा पुलिस, हरियाणा गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी संबंधित विभागों एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में डीएसपी व्यासपुर रमेश कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह,आनंद रावल, बीडीपीओ कार्तिक चौहान, एएसएमओ डॉ. वागीश गुटेन व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक धीमान आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। छछरौली में उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम जसपाल सिंह गिल।

#### आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें

एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल प्रशासन का कार्यक्रम नहीं है। बल्कि पूरे समाज और प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय पर्व है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वह आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। ताकि कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ संपन्न हो। उन्होंने कहा कि यह अवसर देश के वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग की तैयारियों की नियमित समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित करें।

**मंथन** भाजपा बुड़िया मंडल कार्यकर्ताओं की गांव कनालसी में हुई बैठक

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचें सरकारी योजनाएं

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की जनहित के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। ताकि प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कनालसी गांव में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्हें सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आहवान किया।

मुख्यातिथि एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश में भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार ने जनकल्याण के लिए अनेको कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। जिनका करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। मगर कुछ लोग जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित हो जाते हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है कि वह जन जन तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें। प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच जाकरअधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। चौहान ने कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करें।



यमुनानगर। कनालसी में कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेते भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान।

#### केवल चुनाव जीतना उद्देश्य नहीं

चौहान ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं है। बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने, जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव रखे। मदन चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा निरंतर मजबूत हो रही है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 11 में से 8 मामले निपटाए

# अंसल सुशांत सिटी में एचएसवीपी और नप विभाग मिलकर सीवरेज व्यवस्था का समाधान करें : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अंसल सुशांत सिटी मामले की शिकायत पर जल्द से जल्द अंसल एपीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही संबंधित विभागों को अपनी हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त को सभी विभागों से रिपोर्ट लेने को कहा। इसके साथ ही कॉलोनी को हैंडओवर करने के मामले में फीडबैक लेने को कहा गया और कॉलोनी के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। एचएसवीपी और नगर परिषद विभाग मिलकर सीवरेज व्यवस्था का वैकल्पिक समाधान करें, ताकि वहां पर रहने वाले लोगों की परेशानी कम हो सके। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को नये लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एजेंडा के 11 मामलों में से 8 का मौके पर ही निपटारा किया गया, बाकि बचे हुए 3 मामलों को निपटाने के लिए कमेटियों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए।


कुरुक्षेत्र। बैठक में आमजन की समस्याओं का समाधान करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### सीवर व्यवस्था 15 दिन में की जाए दुरुस्त

*कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर-9 के प्रधान सुखविंदर सिंह की शिकायत पर हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो सेक्टर-9 स्थित लोटस ग्रीन सिटी के साथ बने ईडब्ल्यूएस क्वार्टरों में सीवर व्यवस्था को 15 दिनों में दुरुस्त किया जाए और 15 दिनों में फोटो के साथ रिपोर्ट उपायुक्त को पेश करे। शिकायत में बताया गया कि अधिकतर क्वार्टरों में सीवर चैंबर व मेनहोल खुले पड़े हुए हैं, जिस कारण से हादसों का भय बना रहता है, हर समय बदबू आती है और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।*

### बैठक में ये रहे मौजूद

*इस बैठक में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम शंभू राठी, एसडीएम गुरविंद्र सिंह, जिला परिषद सीईओ वीरेंद्र चौधरी, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, चेयरमैन गुरनाम सैनी, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, नप चेयरपर्सन माफी ढांडा, जिलाध्यक्ष रमेश सैनी सहित लोक संपर्क व कष्ट निवारण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।*

### इन मामलों पर भी हुई सुनवाई

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बैठक में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने सेक्टर-6 पानीपत निवासी राजपाल खुराना की शिकायत पर केस दर्ज के बाद पुलिस जांच में एसआईटी के साथ सदस्यों को जोडकर जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मामले की जांच जल्द से जल्द करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि दी किरमच को-ऑपरेटिव सोसायटी के प्रबंधक 15 दिनों के नोटिस के दौरान रिकवरी न दे तो उसके खिलाफ आगामी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके साथ ही विभाग की तरफ से इस मामले का निपटारा जल्द किया जाए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने परशुराम कॉलोनी निवासी राजदेव कुमार की शिकायत पर बिजली विभाग को स्पेशल एस्टीमेट बनाकर 33 केवी लाइन को घरों के ऊपर से बदलने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक में नगर परिषद वार्ड नंबर एक के पूर्व पार्षद देवी दयाल जांगड़ा, नेशनल फायर सोल्यूशन के प्रोपराइटर शिवम, गांव भूखडी के सरपंच मीनू की शिकायत का समाधान किया।

### फिर परेशान करने पर सख्त कार्रवाई करे पुलिस

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शाहाबाद तहसील के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यदि आरोपी दोबारा परेशानी करे तो अतिरिक्त केस दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। महिला ने गांव के सतविंदर सिंह पर फोन के माध्यम से अश्लील मैसेज भेजने, धमकी देने, परेशान करने और केस वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव सुनहेड़ी निवासी महिला की शिकायत पर आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने के पुलिस को निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को कहा कि वो आरोपी के घर के आसपास पुलिस की निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की गलत एक्टिविटी करने पर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## खबर संक्षेप



### विद्यालयों में चलाया जागरूकता अभियान

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक गुरविंदर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मंगलवार को पिहोवा के विभिन्न स्कूलों मे विषेश सफाई अभियान को लेकर नगरपालिका सचिव अशोक कुमार व नगर पालिका के कर्मचारियों ने इन्फॉर्मेशन, एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन एक्शन प्लान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया आयोजित किया।

### प्रश्न संच निर्माण की अखिल भारतीय कार्यशाला का शुभारंभ

**थानेसर।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में तीन दिवसीय संस्कृति बोध परियोजना प्रश्न पत्र एवं प्रश्न मंच हेतु प्रश्न संच निर्माण की अखिल भारतीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से सत्र 2026-27 में आयोजित होने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में आयोजित होने वाले संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच हेतु प्रश्न संच निर्माण किया जाना है।

## एनटीए भंग करने और मंत्रियों के इस्तीफे की उठी मांग

# जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में निकाला मार्च



थानेसर। रोष मार्च में शामिल जन संघर्ष मंच व एसओएसडी के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

जन संघर्ष मंच हरियाणा और स्टूडेंट ऑगेर्नाइजेशन फॉर सोशल डेमोक्रेसी (एसओएसडी) के कार्यकतार्ओं ने बुधवार को जंतर-मंतर पर पेपर लीक और परीक्षा धांधलियों के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में कुरुक्षेत्र में रोष मार्च निकाला। यह मार्च स्थानीय जाट धर्मशाला से पुराने बस अड्डे तक निकाला गया, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग

*रोष मार्च को संबोधित करते हुए जन संघर्ष मंच हरियाणा के प्रधान कामरेड फूल सिंह, महासचिव सुदेश कुमारी, जिला उपप्रधान ऊषा कुमारी, जिला प्रधान करनैल सिंह तथा एसओएसडी की नेताओं कविता विद्रोही, पूजा, अपूर्वा और पवन कुमार ने आरोप लगाया कि बार-बार पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उनका कहना था कि परीक्षाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहे छात्र-युवाओं पर पुलिस बल का प्रयोग लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने, पुलिस कार्रवाई रोकने और छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने की भी मांग उठाई।*

## कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे सहित तीन प्रमुख मांगें


कुरुक्षेत्र। कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र व अन्य नेतागण।

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र की मौजूदगी में जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में देश की शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। ज्ञापन में मांग की गई कि देश की शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और गरिमा बनाए रखने में विफल रहने की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। साथ ही देशभर में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में हो रही देरी तथा छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर संसद में विस्तृत और सार्थक चर्चा कराए जाने की मांग की गई। इसके अलावा नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान छात्रों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर वापस लेने तथा उनके खिलाफ की गई दमनात्मक कार्रवाई समाप्त करने की भी मांग ज्ञापन में शामिल रही। इस अवसर पर विधायक अशोक अरोड़ा, कुरुक्षेत्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह, विधायक रामकरण काला, विधायक मनदीप चट्ठा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन

### किसानों ने सांसद नवीन जिंदल को सौंपा ज्ञापन


कुरुक्षेत्र। जिदंल हाउस के बाहर धरने पर बैठे किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के विरोध में विभिन्न किसान संगठनों ने भाजपा सांसद नवीन जिंदल को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी टेलीफोन एक्सचेंज के सामने एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए सांसद के कार्यालय पहुंचे, जहां करीब दो घंटे तक धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता किसान सभा के रोशन लाल, क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार, आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार सारसा, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष रामधारी, भारतीय किसान यूनियन (उगराह) के प्रदेश अध्यक्ष कंवलजीत सिंह तथा किसान सभा (अजय भवन) के धर्मपाल ने की।

### एफटीए पर हस्ताक्षर न करने का आग्रह

*वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 22 जुलाई को देशभर में एफटीए विरोधी किसान संकल्प दिवस मनाते हुए सांसदों को ज्ञापन सौंपे गए। उनका कहना था कि यदि केंद्र सरकार भारत-अमेरिका एफटीए पर हस्ताक्षर करती है तो किसान वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन की तर्ज पर देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे, जो समझौता रद्द होने तक जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम भेजे गए ज्ञापन में प्रधानमंत्री को भारत-अमेरिका एफटीए पर हस्ताक्षर न करने का निर्देश देने का आग्रह किया। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर भूख हड़ताल कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर अस्पताल भेजे जाने की निंदा की गई।*

## विद्यार्थी परिषद ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

- नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद का भव्य अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवयुग स्कूल के प्रांगण में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय की नई विद्यार्थी परिषद का गठन कर नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विशिष्ट अतिथि, प्रसिद्ध समाज सेविका डॉ. मीरा गौतम का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत के साथ हुई, जिसके पश्चात विशिष्ट अतिथि डॉ. मीरा गौतम, विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा, प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा, प्रशासक विकास गाबा एवं महिपाल आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के में विशिष्ट अतिथि डॉ. मीरा गौतम, डायरेक्टर बी. डी. गाबा एवं प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा ने मिलकर नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को सम्मान पट्टिका पहनाई एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्याध्यापिका श्रीमती प्रीति मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में गूंजा श्रीदेवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ का गौरव

**कुरुक्षेत्र।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्रीमहाराजा रणबीर सिंह परिसर, जम्मू तथा श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, कटरा के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी /"शक्तिमीमांसा : 51 शक्तिपीठ भारतीय विरासत के आध्यात्मिक स्तंभ/" के दूसरे दिन हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने /"शक्तिपीठ एवं राष्ट्रीय विरासत/" विषय पर शोधपत्र एवं प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में देशभर के शक्तिपीठों के पीठाध्यक्ष, महंत, विद्वान, शोधकर्ता एवं धमार्चार्य भारतीय शक्ति परंपरा के विभिन्न आयामों पर मंथन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा, श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ की ओर से तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा, मंदिर के उपाध्यक्ष डॉ. एम.के. मौदगिल तथा संयोजक सुनील वर्मा शामिल हुए।

## बूथ सशक्तिकरण पर काम करके भाजपा ने तीन बार बनाई सरकार : गीता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



भाजपा महिला मोर्चा की मंडलाध्यक्ष गीता शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ का मजबूत होना बहुत जरूरी है। बूथ सशक्तिकरण को आधार बनाकर पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में आई। गीता शर्मा आचार्य महाब्राह्मण धर्मशाला शक्ति केंद्र सरस्वती प्राची पर बूथ 132, 133, 134 और 135 पर कार्यकतार्ओं के साथ हुई टिफिन बैठक में बोल रही थी। गीता शर्मा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन जितना बूथ स्तर पर मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही अधिक सशक्त होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों पर टिफिन बैठकों का आयोजन का रहा है। बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर तुलसी वर्मा, नौतन शर्मा, सतीश शर्मा, गैरी रंधावा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 26 को कला कीर्ति भवन में मोहम्मद रफी को गीतों से दी जाएगी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था 'सृजन' एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई रविवार को सायं 3 बजे ब्रह्म सरोवर स्थित कला कीर्ति भवन के सभागार में स्वर सम्राट स्वर्गीय मोहम्मद रफी की


जानकारी देते डा. योगेश्वर जोशी।

पुण्यतिथि (31 जुलाई) के उपलक्ष्य में 'सुर-संध्या' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में रफी साहब द्वारा गाए गए कालजयी गीतों की संगीतमयी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्था के निदेशक डॉ. योगेश्वर जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा परिषद हरियाणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप सैनी, एमडी, सैनसंस पेपर प्रा. लि., पेहवा और डॉ. खुशबीर कौशिक, कौशिक होम्यो क्लिनिक, फरल (कैथल) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी करेंगे। डॉ. योगेश्वर जोशी ने बताया कि वे बचपन से ही मोहम्मद रफी के गीतों के प्रशंसक रहे हैं और पिछले कई वर्षों से उनकी स्मृति में 'सुर-संध्या' का आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार 'जोशी रफी नाइट' के माध्यम से वे रफी साहब के अमर गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. सत्यभूषण, सुप्रिया शर्मा, स्वाति शुक्ला, अक्षि गोयल, सुशील भार्गव, विशाल पंडित, पूजा पंडित एवं राजेश सैनी भी अपनी गायन प्रस्तुतियां देंगे। संगीत संयोजन डॉ. सुधीर शर्मा करेंगे, जबकि मंच संचालन डॉ. शालिनी शर्मा करेंगी।



## किड्जी स्कूल लाडवा में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय आम दिवस

**लाडवा।** किड्जी स्कूल लाडवा में अंतरराष्ट्रीय आम दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मौसमी फलों के महत्व के साथ-साथ आम के सांस्कृतिक महत्व को दर्शाना था। साथ ही गर्मियों के राजा आम के पोषक गुणों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। इस दिन पूरे स्कूल का माहौल पीला-पीला नजर आ रहा था। सभी बच्चे पीली ड्रेस में आए और अपने साथ आम से बने विभिन्न व्यंजन जैसे मैंगो शेक, मैंगो आइसक्रीम, मैंगो पुडिंग और ताजे आम लेकर आए। कक्षाओं में मैंगो क्राफ्ट, मैंगो स्लाइसिंग एक्टिविटी, गीत और क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। टीचर्स ने बच्चों को बताया कि आम विटामिन अ, उ और फाइबर का बेहतरीन स्रोत है जो हमें गर्मी में हाइड्रेटेड और सेहतमंद रखता है। स्कूल की प्रिंसिपल विम्मी तनेजा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करने के साथ-साथ उनमें प्रकृति और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों द्वारा एक साथ आम खाने। और आम खाओ तंदुरुस्त बनो के नारे के साथ हुआ।

**कार्यक्रम** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई इन्वेस्टिचर सेरेमनी

# इन्वेस्टिचर सेरेमनी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम : डॉ. रघबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप राज, अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल शाहाबाद मारकंडा तथा विशिष्ट अतिथि देशराज, सेवानिवृत्त चीफ टेक्निकल ऑफिसर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना का प्रेरणादायी वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने अपने संबोधन में कहा कि इन्वेस्टिचर सेरेमनी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा नेता वही होता है जो अपने कर्तव्यों को ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाए। विद्यार्थियों को सदैव सत्य, मेहनत और सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वे विद्यालय की गरिमा बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा बनना है। विद्यार्थियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।



शाहबाद। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते अतिथिगण।

### वंशराज को हेड बॉय, स्वास्तिक को डिप्टी हेड बॉय चुना

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की स्टूडेंट्स काउंसिल का विधिवत गठन किया गया। इसमें वंशराज को हेड बॉय, स्वास्तिक को डिप्टी हेड बॉय, शगुन को हेड गर्ल तथा हरमन को डिप्टी हेड गर्ल नियुक्त किया गया। वहीं भूमि, नवरीत, वैष्णवी, आयुष अरोड़ा, विषु तथा गुरमन को वालंटियर की जिम्मेदारी सौंपी गई। जैस्मीन हाउस की हाउस कैप्टन पूर्वा एवं हाउस वाइस-कैप्टन दिव्यांशी, लोटस हाउस के हाउस कैप्टन मनकीरत एवं हाउस वाइस-कैप्टन हरमन, रोज हाउस की हाउस कैप्टन ऐश्वर्या एवं हाउस वाइस-कैप्टन मीनल शर्मा तथा लिली हाउस के हाउस कैप्टन नैतिक एवं हाउस वाइस-कैप्टन नव्या काजल को बैज पहनाकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के 52 कक्षा मॉनिटरों को भी उनके उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन हेतु सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप राज, विशिष्ट अतिथि देशराज, विद्यालय प्रबंधन तथा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवनियुक्त छात्र परिषद एवं सम्मानित कक्षा मॉनिटरों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन अरशदीप और नीलम ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर विद्यालय कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन और मोनिका घुम्मन तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

